बरेली, गुरुवार
5 फरवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण



# नहीं मानी हार, कैंसर से लड़कर जीतने वाले योद्धा हुए सम्मानित

- विश्व कैंसर दिवस पर विजेताओं ने सुनाए इलाज के दौरान के अपने संस्मरण
- नुक्कड़ नाटक के जरिये एमबीबीएस और पैरामेडिकल छात्रों ने किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, बरेली:** श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में वर्ल्ड कैंसर डे पर बुधवार को कैंसर से जंग लड़कर मात देने वाले योद्धाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बीमारी की जानकारी और इसके उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए। एमबीबीएस और पैरामेडिकल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये कैंसर जैसी बीमारी से जागरूक किया।

कार्यक्रम में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कैंसर विजेताओं की हिम्मत को सराहा। कहा कि कैंसर विजेता उन सभी लोगों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जिन्होंने इस बीमारी के कारण जीने की आशा छोड़ दी है। इन्हें देखकर कैंसर के लाइलाज होने का भ्रम जरूर टूटेगा और इस महामारी को हराने की हिम्मत बंधेगी। एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी कैंसर मरीजों की हिम्मत को सराहा। इससे पहले एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा. पियूष कुमार अग्रवाल ने कैंसर, इससे बचाव के उपाय बताने के साथ सेंटर में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों की जानकारी दी। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, आइपीएस की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर, डा. अरविंद सिंह चौहान, गायनी ओंको सर्जन कर्नल डा. मनोज कुमार टांगड़ी आदि मौजूद रहे।




विश्व कैंसर दिवस पर एसआरएमएस में पुरस्कृत कैंसर योद्धा • सौ. संस्थान

## इन कैंसर विजेताओं का हुआ अभिनंदन

मोहम्मद नबील ( 28 वर्ष ), मोहम्मदी ( लखीमपुर ), अस्मा ( 55 वर्ष ), धौरा टांडा ( बरेली ), ब्रजपाल सिंह ( 79 वर्ष ), शाहजहांपुर, महेश चंद्रा ( 62 वर्ष ), बदायूं, मधु ( 65 वर्ष ), हरदोई , अमरजीत कौर ( 63 वर्ष ), बाजपुर ( उत्तराखंड ), सुशीला देवी ( 51 वर्ष ), लखीमपुर, कमला देवी ( 46 वर्ष ), गांव सिम्भायरा गौसिया ( पीलीभीत ), रामवती ( 58 वर्ष ), इज्जतनगर, बरेली, लता शर्मा ( 49 वर्ष ), बदायूं, हफीज अहमद ( 71 वर्ष ), मोहनपुर ( बरेली ), मालती देवी ( 74 वर्ष ), अल्मोड़ा ( उत्तराखंड )